तापमान
अधिकतम 22.1 डिग्री
न्यूनतम 13.1 डिग्री

हरिभूमि
हिसार भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 28 फरवरी 2025

11 पुरुष वर्ग में सुनील तथा महिला वर्ग में रेनू बनी बेस्ट एथलीट



12 गुजवि में 11वां पुष्पोत्सव, तीन श्रेणियों की 50 उपश्रेणियों में आई 424 प्रस्तुतियां



# नायब सैनी सक्षम व सुलझे हुए मुख्यमंत्री, कुशलता से कर रहे हर कार्य

**हरियाणा में कांग्रेस नहीं बल्कि सत्ता लोलुप लोगों का गिरोह ›इस्तीफा तैयार रखें सांसद जेपी ›हिसार में मेयर सहित भाजपा के सभी उम्मीदवार बड़े अंतर से करेंगे जीत दर्ज ›विस चुनाव से पूर्व किए सभी वादों को पूरा करेगी सरकार : कैप्टन अभिमन्यु**

हरिभूमि न्यूज ›› हिसार

राज्य के पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने कहा है कि विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा ने संकल्प पत्र में जो घोषणाएं की थी, उन्हें पूरा किया जाएगा। नायब सिंह सैनी सुलझे हुए व समक्ष मुख्यमंत्री हैं और वे संकल्प पत्र का एक-एक वादा पूरा करेंगे।

कैप्टन अभिमन्यु वीरवार को यहां नगर निगम चुनाव में मेयर व पार्षद पद के पार्टी उम्मीदवारों के समर्थन में प्रचार करने आए थे। इस दौरान भाजपा नेता डॉ. राजेश धमीजा के आवास पर पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने दावा किया कि हमारे मेयर उम्मीदवार प्रवीण पोपली जहां बड़े अंतर से चुनाव जीतेंगे वहीं पार्षद उम्मीदवार भी बड़ी जीत दर्ज करने वाले हैं। शहर की जनता ने भाजपा कार्यकर्ताओं के हाथ में नगरीय सरकार की डोर देकर ट्रिपल इंजन की सरकार बनाने की ठान ली है। नगरीय सरकार बनने के बाद मेयर व अन्य पार्षद मिलकर शहर की जनता तक सरकार की वे तमाम नीतियां व सुविधाएं पहुंचाने का प्रयास करेंगे, जिनकी जनता हकदार है। जनता अच्छी तरह से जान चुकी है कि केवल भाजपा के पास ही विकास का विजन है, भाजपा की नीति व नीयत ही विकास करवाने की है।





हिसार। शहर में नगर निगम चुनाव को लेकर चुनावी सभाओं को संबोधित करते पूर्व वित्तमंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता कैप्टन अभिमन्यु। फोटो : हरिभूमि।



हिसार। हिसार में पत्रकारों से बातचीत करते पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु।

### कैप्टन का सांसद जेपी पर पलटवार

कांग्रेस सांसद जयप्रकाश द्वारा हवाई अड्डा शुरू होने पर इस्तीफा देने की घोषणा पर पलटवार करते हुए कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि वह समय आने वाला है, इसलिए वे अपना इस्तीफा तैयार रखें। उन्होंने कटाक्ष किया कि हवाई अड्डा शुरू होने की प्रक्रिया सीढ़ी दर सीढ़ी चल रही है और यह प्रक्रिया शीघ्र ही पूरी होगी। कांग्रेस सांसद को हवाई अड्डे की विकास प्रक्रिया देखते रहना चाहिए क्योंकि कोई फाइल उनके समझ में नहीं आएगी। उन्होंने कहा कि अपने आप को बड़ा नेता बताने वाले कुछ कांग्रेसियों ने निकाय चुनाव में हाथ पैर मारने शुरू किए थे, लेकिन वे अब शांत हो गए। उनके तंत्र ने उन्हें बता दिया है कि इन चुनावों में उन्हें कुछ मिलने वाला नहीं है।

### हरियाणा में कांग्रेस है ही कहां?

निकाय चुनाव में कांग्रेस की स्थिति बारे पूछे सवाल के जवाब में कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि हरियाणा में कांग्रेस है ही कहां ? उन्होंने कहा कि हरियाणा के किसी जिले में कोई कांग्रेस, किसी जिले में कोई कांग्रेस है। कांग्रेस की स्थिति इस चुनाव में सांप छछूंदर वाली हो गई है। कांग्रेसियों को पता चल गया है कि उनके ढोल व पीपे खाली निकलने वाले हैं। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने हरियाणा जलाया, हरियाणा की जनता पर जुल्म किए, उन्हें जनता अब कभी मुंह नहीं लगाएगी। वास्तव में हरियाणा में कांग्रेस नहीं बल्कि सत्ता लोलुप लोगों का एक गिरोह है, जो येन केन प्रकारेन सत्ता में कब्जा करके प्रदेश को असंख्य हाथों से लूटना चाहते हैं।

### हिसार में अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट बनना सौभाग्य

कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि हिसार में अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का काम वर्ष 2014 में शुरू हुआ था और उस समय वे वित्त एवं एविएशन मंत्री थे। अपने हाथों से इस एयरपोर्ट की नींव रखने से लेकर अनेक कार्य करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ और हमारा प्रोजेक्ट सिरे चढ़ता देख हमें बहुत खुशी हो रही है। सीढ़ी दर सीढ़ी एयरपोर्ट के निर्माण के कार्य को आगे बढ़ाते चले गए। कभी हवाई पट्टी का विस्तार, कभी टर्मिनल का निर्माण हुआ, कभी उसे उड़ान योजना में शामिल करने का काम हुआ और आज उसकी लाइसेंस की प्रक्रिया पूरी होकर के रेगुलर शेड्यूल उड़ान शुरू करने की स्थिति में आए हैं और आने वाले समय में एमआरओ और कार्गो एयरपोर्ट सहित अन्य सभी संभावनाओं को मूर्त रूप दिया जा सके इस सपने लेकर हम काम करने में लगे हैं। भविष्य में यह विश्व में सबसे बड़े एयरपोर्ट्स में शुमार होगा।

### यह रहे उपस्थित

कैप्टन अभिमन्यु के साथ जिप चेयरमैन सोनू डाटा, मेयर उम्मीदवार प्रवीण पोपली, पार्षद उम्मीदवार डॉ. सुमन यादव, जगमोहन मित्तल, संजय डालमिया, पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर अनिल सैनी मानी, ईश्वर मालवाल, आशा खेदड़, रणधीर सिंह धीरू भारी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### निर्वाचन अधिकारियों का सम्मेलन चार को

हिसार। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 4 व 5 मार्च को नई दिल्ली स्थित भारत अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र एवं चुनाव प्रबंधन संस्थान में राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों का दो-दिवसीय सम्मेलन होगा। जिसमें मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के कार्यभार ग्रहण करने के बाद पहला आयोजन है, जिसमें सभी सीईओ, जिला निर्वाचन अधिकारी, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी भाग लेंगे। इसका मुख्य उद्देश्य आधुनिक चुनाव प्रबंधन, आईटी संरचना, प्रभावी संचार, सोशल मीडिया पहुंच और निर्वाचन प्रक्रिया में विभिन्न अधिकारियों की भूमिका पर चर्चा करना है।

### 29 मार्च तक परीक्षा केंद्रों पर धारा 163 लागू

हिसार। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा ली जाने वाली परीक्षाओं के मद्देनजर 29 मार्च तक जिला हिसार के सभी परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर के दायरे में भारतीय नागरिक संहिता 2023 की डीसी अनीश यादव की ओर से जारी आदेशों के अनुसार हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की ओर से करवाई जाने वाली विभिन्न परीक्षाओं के मद्देनजर यह निर्णय लिया गया है। जारी आदेशों में कहा गया है कि परीक्षाओं को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करवाने के लिए जिले में बनाए गए सभी परीक्षा केंद्रों के आसपास 200 मीटर की परिधि में नागरिकों की भीड़ एकत्रित होने पर पाबंदी लगाई गई है। परीक्षा की तिथि वाले दिन परीक्षा केंद्र के आस-पास 200 मीटर की परिधि में परीक्षा अवधि के दौरान फोटोस्टेट के व्यवसाय पर प्रतिबंध रहेगा।

### अंतिम चरण में नगर निगम चुनाव का प्रचार अभियान

# आज थमेगा चुनावी शोरगुल, मेयर पार्षद प्रत्याशियों ने झोंकी ताकत

**दो लाख 68 हजार 325 मतदाता करेंगे मेयर के सात व पार्षद पद के 116 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला**

हरिभूमि न्यूज ›› हिसार

नगर निगम चुनाव के चलते चुनाव प्रचार अभियान अंतिम चरण में है। शुक्रवार की शाम 6 बजे चुनाव प्रचार थम जाएगा। इसके बाद भोपू का चुनावी शोरगुल बंद हो जाएगा और प्रत्याशी व उनके समर्थक डोर-टू-डोर ही वोटों की अपील कर सकेंगे। चुनाव प्रचार थमने से पूर्व नगर निगम के दंगल में उतरे मेयर व पार्षद पद के प्रत्याशियों ने हवा का रूख अपनी ओर मोड़ने के लिए पूरी ताकत झोंक दी है। कई प्रत्याशी चुनाव थमने से पहले रोड शो के माध्यम से अपना शक्ति प्रदर्शन करने की तैयारी में है।

मेयर पद के लिए 7 तथा निगम के 20 वार्डों से कुल 116 प्रत्याशी मैदान में है। भाजपा ने मेयर व सभी 20 वार्ड में अपने प्रत्याशी चुनावी सिंबल पर उतारे हुए है, जबकि कांग्रेस ने मेयर तथा अलग-अलग कुल 13 वार्ड से ही पार्षद पद के लिए प्रत्याशियों को पार्टी सिंबल पर उतारा है। बाकी 7 वार्डों में कांग्रेस ने निर्दलीय प्रत्याशियों को समर्थन दिया है। मेयर पद के लिए भाजपा प्रत्याशी प्रवीण पोपली, कांग्रेस प्रत्याशी कृष्ण सिंगला टीटू, निर्दलीय प्रत्याशी गुरमीत सिंह, मीरा लोट, सुरेंद्र कुमार, सुरेंद्र भोरिया व होशियार सिंह में मुकाबला है। मुख्य मुकाबला भाजपा व कांग्रेस प्रत्याशी के बीच है। निगम के वार्ड 6 में सर्वाधिक 10 प्रत्याशियों पार्षद पद के लिए अपनी किस्मत आजमा रहे हैं, जबकि वार्ड 3 से केवल दो प्रत्याशी ही आमने-सामने है। चुनाव में खड़े मेयर व पार्षद पद के प्रत्याशियों की तकदीर 2 लाख 68 हजार 325 मतदाता लिखेंगे।



### रिजर्व में 10 ड्यूटी मजिस्ट्रेट व 20 सेक्टर ऑफिसर

जिला निर्वाचन अधिकारी अनीश यादव ने बताया कि रिजर्व में 10 जोनल अधिकारी-सह-ड्यूटी मजिस्ट्रेट एवं 20 सेक्टर ऑफिसर लगाए हैं। । आदमपुर जीसी से एफजीएम सहायक प्रोफेसर सोनू को जोनल मजिस्ट्रेट व हिसार जीडीजीपी विवेक जांगिड़ व साहिल को सेक्टर अधिकारी, आदमपुर जीसी से सहायक प्रोफेसर सुभाष चंद्र को जोनल मजिस्ट्रेट तथा हिसार जीडीजीपी तुषार जैन व अंशु को सेक्टर अधिकारी, आदमपुर जीसी से सहायक प्रोफेसर सुखदेव को जोनल मजिस्ट्रेट तथा जीडीजीपी से सचिन यादव ओला व मोहित जुनेजा को सेक्टर अधिकारी, आदमपुर जीसी से एफजीएम सहायक प्रोफेसर सुनील कुमार को जोनल मजिस्ट्रेट तथा जीडीजीपी राकेश जिंदल व अतुल कुमार को सेक्टर अधिकारी नियुक्त किया गया है। दमपुर जीसी से एफजीएम सहायक प्रोफेसर विनोद कुमार को जोनल मजिस्ट्रेट तथा जीडीजीपी सुनील भूटानी व सुनील दत्त, आदमपुर जीसी से एफजीएम सहायक प्रोफेसर विनोद प्रकाश को जोनल मजिस्ट्रेट तथा जीडीजीपी राजकुमार व रघुबीर सिंह को सेक्टर अधिकारी, जीडीजीपी कॉम्प इंजीनियरिंग एचओडी मुकेश बंसल को जोनल मजिस्ट्रेट तथा हिसार जीसी से सुनील कुमार व राजेश पुनिया, जीडीजीपी अधीक्षक जयबीर दूल को जोनल मजिस्ट्रेट तथा संजीव कुमार व सेवा सिंह को सेक्टर अधिकारी, जीडीजीपी मेडिकल इलेक्ट्रॉनिक्स एचओडी नरेश सुथार को जोनल मजिस्ट्रेट तथा हिसार जीसी से जगबीर सिंह बूरा व बलजीत सिंह को सेक्टर अधिकारी, जीडीजीपी से रजत ठकराल को जोनल मजिस्ट्रेट तथा हिसार जीसी से सुरेश कुमार व सुरेंद्र कुमार को सेक्टर अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### हिसार नगर निगम में वार्ड वाइज मतदाता व प्रत्याशी

| वार्ड | मतदाता | प्रत्याशी | वार्ड | मतदाता | प्रत्याशी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 17111 | 4 | 11 | 12588 | 7 |
| 2 | 14075 | 8 | 12 | 15273 | 3 |
| 3 | 12901 | 2 | 13 | 10960 | 3 |
| 4 | 10955 | 6 | 14 | 13239 | 5 |
| 5 | 12106 | 4 | 15 | 14141 | 3 |
| 6 | 10437 | 10 | 16 | 13495 | 9 |
| 7 | 16033 | 8 | 17 | 13414 | 5 |
| 8 | 14324 | 8 | 18 | 14330 | 8 |
| 9 | 16155 | 5 | 19 | 12548 | 6 |
| 10 | 12353 | 9 | 20 | 11887 | 3 |
| | | | कुल | 268325 | 116 |

### चुनावी सामग्री वितरण को टेबल इंचार्जों की ड्यूटियां तय

हिसार। नगर निकाय चुनाव के रिटर्निंग अधिकारी हरबीर सिंह ने बताया कि चुनाव के लिए चुनावी सामग्री वितरण करने को ड्यूटियां सुनिश्चित कर दी गई हैं। बूथ वाइज टेबल इंचार्ज लगाए गए हैं। एक टीम में इंजार्च के अतिरिक्त 6 कर्मचारियों की ड्यूटियां सुनिश्चित की गई हैं। इसके तहत मतदाताओं की संख्या के हिसाब से सामग्री वितरण करने के लिए बूथ वाइज ड्यूटियां लगाई गई हैं। कुल 20 टीमें चुनावी सामग्री वितरण के लिए बनाई गई हैं। एडीओ अखिल सांगवान, एडीओ कपिल कुमार, बीएओ राजेंद्र सिंह, एपीपीओ अरूण कुमार, एडीओ राजेश चंदोलिया, बीएओ श्याम बिहारी, एडीओ देवेंद्र पाल, एसडीएओ अजित सिंह, एडीओ सुरेंद्र कुमार, एडीओ बलविंद्र सिंह, एडीओ शेलेंद्रा भयाण, एडीओ राजीव कुमार, एएससीओ मुकेश कुमार, एडीओ उमेद सिंह, एडीओ दीपक, बीएओ बलवान सिंह, बीएओ रमेश कुमार, एडीओ अमरजीत लांबा, एडीओ विशाल अटवाल तथा एडीओ मांगे राम टेबल इंचार्ज बनाएं गए हैं। टीम में शामिल कर्मचारी चुनावी सामग्री का वितरण करवाना सुनिश्चित करेंगे।

### ड्यूटी मजिस्ट्रेट, 22 सेक्टर ऑफिसर की ड्यूटी बदली

हिसार। निकाय चुनाव को लेकर लगाए गए जोनल ऑफिसर कम ड्यूटी मजिस्ट्रेट तथा सेक्टर ऑफिसरों की ड्यूटी में बदलाव किए गए हैं। नारनौंद नपा चुनाव में 16 वार्ड के लिए 8 जोनल ऑफिसर कम ड्यूटी मजिस्ट्रेट तथा 16 सेक्टर ऑफिसरों को लगाया गया है। इसके साथ ही 6 जोनल ऑफिसर कम ड्यूटी मजिस्ट्रेट तथा 6 सेक्टर ऑफिसरों को रिजर्व भी रखा गया है। चुनाव को शांतिपूर्ण तथा निष्पक्ष करवाने को लेकर कुल 14 जोनल ऑफिसर कम ड्यूटी मजिस्ट्रेट तथा 22 सेक्टर ऑफिसरों की ड्यूटी लगाई गई है। यह ड्यूटियां पोलिंग स्टेशन तथा पोलिंग एरिया के अनुसार वार्ड वाइस लगाई है। उन्होंने बताया कि वार्ड नं 1 व 2 के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र के लिए हिसार डीएचबीवीएन से एक्सईएन विक्रांत सांगवान को जोनल मजिस्ट्रेट तथा वाणिज्य सहायक प्रोफेसर प्रवीन कुमार को वार्ड 1 व सहायक प्रोफेसर यशवंत सिंह सांगवान को वार्ड 2 के लिए सेक्टर ऑफिसर लगाया गया है।

वार्ड नं 3 व 4 के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र के लिए हिसार डीएचबीवीएन से एक्सईएन राजेश निनाणिया को जोनल अधिकारी तथा जीडीजीपी से नवीन अरोड़ा को वार्ड 3 के लिए तथा अर्थशास्त्र सहायक प्रोफेसर जोगेंद्र सिंह को वार्ड 4 के लिए सेक्टर ऑफिसर लगाया गया है। वार्ड नं 5 व 6 के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र के लिए हिसार डीएचबीवीएन से एक्सईएन संदीप को जोनल अधिकारी तथा अंग्रेजी सहायक प्रोफेसर विष्णु राम को वार्ड 5 के लिए व अंग्रेजी सहायक प्रोफेसर मामन सिंह को वार्ड 6 के लिए सेक्टर ऑफिसर लगाया गया है। वार्ड नं 7 व 8 के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र के लिए हिसार डीएचबीवीएन से एक्सईएन सुरेंद्र रेडू को जोनल अधिकारी तथा जीसी से बलजीत सिंह को वार्ड 7 व भूगोल सहायक प्रो को जोनल मजिस्ट्रेट तथा गणित सहायक प्रोफेसर अशोक कुमार को वार्ड 13 व गणित सहायक प्रोफेसर नागेंद्र सिंह तोमर को वार्ड 14 का सैक्टर ऑफिसर लगाया गया है। वार्ड नं 15 व 16 के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र के लिए हिसार डीएचबीवीएन से एक्सईएन अनीश कुमार को जोनल मजिस्ट्रेट तथा शारीरिक शिक्षा सहायक प्रोफेसर सुखबीर सिंह को वार्ड 15 व फिजिक्स सहायक प्रोफेसर कर्ण सिंह गिल को वार्ड 16 का सैक्टर ऑफिसर लगाया गया है।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त अनीश यादव ने बताया कि रिजर्व रखे गए जोनल मजिस्ट्रेट तथा सेक्टर ऑफिसर की सूची की अगर बात करें तो इसमें 12 अधिकारी शामिल है। उन्होंने बताया कि हिसार डीएचबीवीएन से एक्सईएन जीतराम तथा उनके साथ संस्कृत सहायक प्रोफेसर मुकेश को सेक्टर नियुक्त किया है। हिसार डीएचबीवीएन से एक्सईएन अशोक कुमार शर्मा तथा सोशियोलॉजी सहायक प्रोफेसर अशोक कुमार को सेक्टर ऑफिसर बनाया गया है। हिसार डीएचबीवीएन से एक्सईएन होशियार सिंह तथा जीसी से सुनील कुमार को सेक्टर ऑफिसर की जिम्मेदारी दी गई है। जीजेयू के एक्सईएन सुनील ग्रोवर जोनल मजिस्ट्रेट तथा जीसी से राजेश पुनिया को सेक्टर ऑफिसर, हिसार डीएचबीवीएन से एक्सईएन एचपीजीसीएल अमित कुमार तथा जीसी से आजाद कुमार को सेक्टर ऑफिसर लगाया गया है। हिसार डीएचबीवीएन से एक्सईएन एचपीजीसीएल मुनीश महिपाल तथा अर्थशास्त्र एसोसिएट प्रोफेसर रामचंद्र को सेक्टर ऑफिसर नियुक्त किया गया है।

### नगर निगम हिसार के लिए लगाए गए जोनल मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर ऑफिसर ड्यूटी में बदलाव

हिसार। जिला निर्वाचन अधिकारी अनीश यादव ने बताया कि नगर निगम हिसार चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने के लिए जोनल जोनल मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर ऑफिसर नियुक्त किए गए थे। अब उनकी ड्यूटी में बदलाव किए गए हैं। वार्ड नंबर-1 के अंतर्गत आने वाले बूथ नंबर 1 से 14 क्षेत्र के लिए हिसार पीडब्ल्यूडी एक्सईएन सचिन भट्टी को जोनल मजिस्ट्रेट तथा गुरू दक्ष पोलटैक्रिकल से तरूण शर्मा व जीसी बरवाला के सहायक प्रोफेसर अनूप सिंह को सेक्टर ऑफिसर नियुक्त किया गया है। वार्ड नंबर-2 के अंतर्गत आने वाले बूथ नंबर 15 से 27 क्षेत्र के लिए सिंचाई विभाग के एक्सईएन आनंद श्योराण को जोनल मजिस्ट्रेट तथा बरवाला जीसी के सहायक प्रोफेसर रामबिलास व बरवाला जीसी के सहायक डॉ बलजीत सिंह को सेक्टर ऑफिसर, वार्ड नंबर-3 के अंतर्गत आने वाले बूथ नंबर 28 से 32 व 34 से 40 क्षेत्र के लिए हिसार पीएचईडी विभाग के एक्सईएन बलकार रेढू को जोनल मजिस्ट्रेट तथा बरवाला जीसी के सहायक अतुल जैन व उकलाना जीसी के सहायक रविंदर कुमार को सेक्टर ऑफिसर, वार्ड नंबर-4 के अंतर्गत आने वाले बूथ नंबर 33, 41 से 45, 47 से 49 क्षेत्र के लिए जीजेयू से प्रताप सिंह मलिक को जोनल मजिस्ट्रेट व उकलाना जीसी के सहायक प्रोफेसर नरेंद्र कुमार व सहायक डॉ अमित कुमार को सेक्टर ऑफिसर, वार्ड नंबर-5 के अंतर्गत आने वाले बूथ नंबर 50 से 60 क्षेत्र के लिए हिसार पीडब्ल्यूडी विभाग के इलेक्ट्रिकल एक्सईएन प्रमेश जांगड़ा को जोनल मजिस्ट्रेट तथा जीसी उकलाना के सहायक प्रोफेसर मुकेश कुमार व सहायक प्रोफेसर चंदन सिंह को सेक्टर ऑफिसर नियुक्त किया गया है। वार्ड नंबर-6 के अंतर्गत आने वाले बूथ नंबर 61 से 67, 105 व 106 क्षेत्र के लिए हांसी सिंचाई विभाग के एक्सईएन संदीप माथुर को जोनल मजिस्ट्रेट तथा जीडीजीपी के लेक्चचर राजेश कुमार व सहायक प्रोफेसर डॉ संजय कुमार को सेक्टर ऑफिसर, वार्ड नंबर-7 के अंतर्गत आने वाले बूथ नंबर 70 से 80, 82 व 93 क्षेत्र के लिए हिसार जिला परिषद के एक्सईएन संदीप सिंह को जोनल मजिस्ट्रेट तथा नारनौंद जीसी के सहायक प्रोफेसर सतीश कुमार व सहायक प्रोफेसर राज कुमार को सेक्टर ऑफिसर, वार्ड नंबर-8 के अंतर्गत आने वाले बूथ नंबर 83 से 92, 170 व 171 क्षेत्र के लिए हांसी पीएचईडी विभाग के एक्सईएन संजीव त्यागी को जोनल मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है।

# लगातार दूसरे दिन गोलियों से दहला हांसी

हरिभूमि न्यूज ›› हांसी

अज्ञात बाइक सवार युवकों द्वारा गांवों में लगातार दूसरे दिन रात को गोलियां चलने से उपमंडल में दहशत का माहौल हैं। मंगलवार रात को शेखपुरा गांव के सरपंच प्रदीप लादी के आवास के बाहर के बाद अज्ञात बाइक सवार युवकों ने बुधवार रात करीब 10 बजे ढाणी पुरिया में झोलाछाप चिकित्सक के घर के बाहर 3 राउंड हवाई फायर किए और मौके से भाग गए। जिसके बाद बदमाश घर के बाहर एक पर्ची भी फेंक कर गए। पर्ची पर अंग्रेजी में सिकंदर फौजी लिखा हुआ है। हवाई फायर मंगलवार रात को शेखपुरा में सरपंच प्रदीप के बाहर किए गए हवाई फायर की तर्ज पर है। दूसरे दिन की तरह घर के बाहर पर्ची मिली थी। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर तीन गोलियों के खोल बरामद कर सुरेश की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार ढाणी पुरिया निवासी 40 वर्षीय सुरेश के घर के बाहर करीब 3 हवाई फायर किए गए। वारदात के समय सुरेश अपने घर में बाहर गेट पर खड़े हुए थे कि इस दौरान बाइक पर दो युवक वहां आए व पिस्तौल से दो हवाई फायर करने के बाद फर्जी फेंकी। युवकों ने जाते वक्त एक ओर हवाई फायर किया और हवा में पिस्तोल लहराते हुए मौके से फरार हो गए। सुरेश ने युवकों द्वारा फैंकी गई पर्ची उठा कर देखी तो उस पर अंग्रेजी में सिकंदर फौजी लिखा हुआ था। जिसके बाद सुरेश ने डायल 112 पर इसकी सूचना दी। शहर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सदानंद, सीआईए व स्पेशल स्टॉफ की टीम मौके पर पहुंची और मौके से बरामद गोलियों के खोल को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### जल्द पकड़े जाएंगे आरोपी

> पुलिस को ढाणी पुरियां में बाइक सवार युवकों द्वारा फायर करने की सूचना मिली थी। मौका मुआयना कर सुरक्षा की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। अभी कोई रंजिश का एंगल सामने नहीं आया है, बदमाशों की पहचान के लिए सीसीटीवी खंगाले जा रहे हैं तथा आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।
>
> - इंस्पेक्टर सदानंद, शहर थाना प्रभारी।

### सुनवाई नहीं होने से खफा युवक ने किया सुसाइड

हिसार। कसाबां मोहल्ले में बुधवार की शाम 42.50 लाख रुपये के लेन-देन से परेशान एक युवक ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। सूचना मिलने पर पुलिस ने मृतक 30 वर्षीय केशव के शव को अपने कब्जे में लेकर छानबीन शुरू कर दी है। परिजनों का कहना है कि लेन-देन से जुड़े इसी मामले को लेकर केशव के पिता 70 वर्षीय बिशंबर ने भी करीब सवा महीने पहले सुसाइड कर लिया था। आरोप है कि पुलिस ने दो नामजद आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया था। फिलहाल पुलिस ने मृतक की मां सरोज की शिकायत पर अब सचिन व अक्षय के खिलाफ आत्महत्या के लिए मजबूर करने का केस दर्ज किया है।

**1.41 करोड़ का बीमा हड़पने के लिए रची थी हत्या की साजिश**

# रमलू हत्याकांड: फैसला टला, सजा आज

हरिभूमि न्यूज ›› हिसार

जिले के उपमंडल हांसी क्षेत्र में वर्ष 2020 में हुए रमलू हत्याकांड पर अदालत ने सजा का फैसला टाल दिया है। जिला एवं सत्र न्यायालय अब इस मामले में 28 फरवरी को सजा सुनाएगा। अदालत में चले 6 अक्टूबर 2020 के मामले में पहले गुरुवार को सजा सुनाई जानी थी लेकिन इसे एक दिन के लिए टाल दिया गया। राममेहर मुख्य साजिशकर्ता है, जिसे कोर्ट ने दोषी करार दिया है। रानी और सुनीता को भी दोषी करार दिया गया है। राममेहर ने 1.41 करोड़ रुपये का बीमा क्लेम पाने के लिए खुद की हत्या की साजिश रची थी। खुद को मृत घोषित करने को उसने अपने ही गांव डाटा के अपने ही नाम के व्यक्ति राममेहर उर्फ रमलू को ढूंढा व उसकी हत्या की साजिश रची। उसे अपने साथ कार में बैठाया व शराब पिलाने के बाद गला दबाकर हत्या कर दी। अपने परिजनों को फोन कर पीछे बदमाश लगे होने की झूठी सूचना दी। हत्या दिखाने के लिए राममेहर ने 9 लाख नकद भी निकाल लिए थे। आरोपी ने कार को बाहर से लॉक कर उसे आग लगा दी थी। सबूतों के आधार पर ही पुलिस ने उसे पकड़ा।

### कराई थी डीएनए जांच,

पुलिस हांसी ने तमाम ठोस सुबूतों के साथ कोर्ट में चार्जशीट दायर की थी। पुलिस ने कॉल हिस्ट्री, डीएनए रिपोर्ट, लोकेशन आदि सुबूतों को चार्जशीट में शामिल किया था। मुख्य आरोपी राममेहर के अलावा पुलिस ने सुनीता, रानी, राधा और उसके दो बेटों को मामले में आरोपित बनाते हुए कोर्ट में चार्जशीट पेश की थी।

### पुलिस जांच में ऐसे जुड़ी कड़ियां

जांच में पाया गया कि कार के साइड में खड़े होने, उसके हैंड ब्रेक लगे होने, राममेहर की करोड़ों की पॉलिसी होने, एक ही महिला द्वारा बार-बार फोन करने, परिजनों के बयानों में एकरूपता न होने आदि ऐसे अनेक कारण थे, जिनसे पुलिस को पहले दिन से ही शक था कि यह मामला फर्जी है। पुलिस ने उसी आधार पर काम किया। पुलिस को यह भी मालूम हो गया था कि राममेहर मरा नहीं है। जैसे ही राममेहर की कॉल डिटेल में एक ही महिला द्वारा अनेक बार फोन करने की जानकारी मिली। फैक्ट्री जाकर महिला से पूछताछ की गई तो मामले की कड़ियां जुड़ती चली गईं।

### एक सप्ताह बाद हुआ था हत्याकांड का खुलासा

पुलिस को महजत-भाटला रोड पर एक व्यक्ति के कार में जिंदा जलने की सूचना मिली थी। जिसमें ड्राइवर सीट के बगल में बैठा व्यक्ति कंकाल बन चुका था। कार की नंबर प्लेट के आधार पर जले व्यक्ति की शिनाख्त डाटा गांव के राममेहर के रूप में हुई थी। हत्या के एक सप्ताह बाद पुलिस ने मामले में खुलासा किया था कि कि गांव के व्यापारी राममेहर ने बीमा राशि हड़पने के लिए अपने ही नाम के राममेहर उर्फ रमलू की हत्या की है।

### किसान से बना व्यापारी, करोड़ों का बना कर्जदार

व्यापारी राममेहर पर करीब डेढ़ करोड़ रुपये से ज्यादा का कर्ज था। पीएनबी और एसबीआई से करीब डेढ़ करोड़ रुपये के लोन के अलावा भी लाखों रुपये कर्ज था। 10वीं पास डाटा गांव निवासी राममेहर जल्द अमीर बनना चाहता था। किसानी छोड़कर पहले उसने बिजनेस में कदम रखा। करीब एक साल तक डिस्पोजल की फैक्ट्री चलाई, लेकिन कोरोना की वजह से लगाए गए लॉकडाउन के कारण वह बंद हो गई थी। इसके बाद डिस्पोजल के रॉ मटीरियल की फैक्ट्री लगाई, जिसे वह चला रहा था।

### महिला स्कूटी सवार को टक्कर मारने का आरोपी ट्रक चालक काबू

हिसार। थाना अर्बन एस्टेट पुलिस ने सेक्टर 9-11 मोड पर स्कूटी सवार महिला को टक्कर मारने के मामले में ट्रक चालक देवा निवासी पवन कुमार को गिरफ्तार किया है। उप निरीक्षक मलसिंह ने बताया कि 21 फरवरी की सुबह सेक्टर 9-11 मोड पर एक ट्रक द्वारा स्कूटी सवार महिला को टक्कर मारने के बारे सूचना मिली। इसमें स्कूटी सवार महिला की मौके पर मौत हो गई। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मृतक महिला की पहचान जिंदल अस्पताल में नर्स के पद पर कार्यरत मस्तनाथ कॉलोनी निवासी रीना के रूप में हुई। पुलिस ने मृतका के परिजनों की शिकायत पर ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज किया था। इसी मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने ट्रक चालक पवन को गिरफ्तार किया है। उसे पूछताछ के बाद अदालत में पेश किया गया, जहां से न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## खबर संक्षेप

### अवैध हथियार सप्लायर को किया जांच में शामिल

**हांसी।** सीआईए पुलिस ने अवैध हथियार सप्लायर करने वाले आरोपी को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर जांच में शामिल किया है। जांच में शामिल किए गए आरोपी की पहचान हांसी निवासी वतन के रूप में हुई है। प्रवक्ता के अनुसार पकड़े गए आरोपी ने कुछ दिन पहले जगदीश कॉलोनी निवासी मंजीत उर्फ जीतू को एक पिस्तोल व 2 कारतूस सप्लाई किए थे। पुलिस मंजीत को पिस्तोल व कारतूस सहित पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। सीआईए पुलिस ने सैशन कोर्ट के आदेशानुसार आरोपी को जांच में शामिल कर पूछताछ की।

### वेरीफिकेशन के नाम पर धोखाधड़ी करने वाला धरा

**हांसी।** साइबर क्राइम थाना पुलिस ने क्रेडिट कार्ड की वेरीफिकेशन करने के नाम पर 93997 रुपये की धोखाधड़ी करने वाला आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान राजस्थान के जोधपुर जिले के गांव सालावास निवासी प्रदीप पंवार के रूप में हुई है। प्रवक्ता ने बताया कि पकड़े आरोपी ने 15 नवंबर को रुपनगर कालोनी निवासी अंजू के मोबाइल नम्बर पर फोन कर उसके क्रेडिट कार्ड की वेरिफिकेशन करने के नाम पर 93997 रुपए की धोखाधड़ी की थी। साइबर क्राइम थाना पुलिस ने अंजू की शिकायत पर मामला दर्ज कर तत्परता से कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां न्यायालय के आदेशानुसार उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

### धोखाधड़ी से रुपये ट्रांसफर करने वाला आरोपी दबोचा

**हांसी।** साइबर क्राइम थाना पुलिस ने लोगो को झांसे में लेकर धोखाधड़ी के रुपयों को उनके के खातों में ट्रांसफर करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान बडाला निवासी विशाल के रूप में हुई है। प्रवक्ता के अनुसार पकड़ा गया आरोपी ने लोगों को झांसे में लेकर फ्रॉड के रुपए उनके खाते में ट्रांसफर करवाता था। वह वर्तमान में एक नाम नामालूम व्यक्ति के सम्पर्क में था जिससे वह सिर्फ फोन पर ही बात करके फ्रॉड किए गए रुपयों को निकालकर अपना कमीशन काटकर व्यक्ति द्वारा बताए गए अन्य अकांउटों में रुपये ट्रांसफर कर देता था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करके न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### गोलियों व इंजेक्शन के साथ नशा तस्कर काबू

हिसार। हरियाणा राज्य नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की हिसार यूनिट ने कार्रवाई करते हुए पटेल नगर से नशा तस्कर मोहमद आमिर को भारी संख्या में नशीली गोलियां व इंजेक्शन के साथ काबू किया है। आरोपी से टीम ने 1190 नशीली गोलियां व 60 इंजेक्शन बरामद किए है। पुलिस आरोपी से यह पूछताछ करने में जुटी है कि वह नशीली गोलियां व इंजेक्शन कहां से लाया था और किससे सप्लाई करनी थी। प्रवक्ता ने बताया कि एनसीबी हिसार यूनिट के एएसआई हेमराज सिंह के नेतृत्व में टीम गश्त कर रही थी। पुलिस टीम ने गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए आरोपी मोहमद अमिर को गिरफ्तार किया और उसके पास से नशीली गोलियां व इंजेक्शन बरामद किए।

---

छाजूराम मेमोरियल जाट कॉलेज की 55वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित

# पुरुष वर्ग में सुनील व महिला वर्ग में रेनू बनी एथलीट

प्रतियोगिता में महिला एवं पुरुषों के बीच दौड़, ऊंची कूद लंबी कूद, डिस्कस थ्रो के मुकाबले किए गए आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

छाजूराम मेमोरियल जाट कॉलेज की 55वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का गुरुवार को महाविद्यालय के खेल मैदान पर आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर नलवा के विधायक रणधीर सिंह पनिहार ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता जाट शिक्षण संस्था के प्रधान दिलदार सिंह पूनिया ने की। कॉलेज प्राचार्य डॉ. कपेन्द्र सिंह ने मुख्य अतिथि का विधिवत स्वागत किया। प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण समारोह में हांसी के विधायक विनोद भयाना मुख्य अतिथि के तौर पर महाविद्यालय में पहुंचे। आयोजन सचिव एवं महाविद्यालय के खेल प्रभारी डॉ महेश ख्यालिया ने बताया कि पुरुष वर्ग में बीए प्रथम वर्ष का छात्र सुनील तथा महिला वर्ग में बीए प्रथम वर्ष की छात्रा रेनू बेस्ट एथलीट बने। इस मौके पर संस्था के कोषाध्यक्ष सागर सिवाच, प्रबंधन समिति के कार्यकारिणी सदस्य विनोद कस्वां, कुलदीप नैन, प्रदीप लांबा मौजूद रहे।


हिसार। समापन पर विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते विधायक विनोद भयाना।

### पुरुष वर्ग के परिणाम

प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग की 1500 मीटर रेस में सुनील प्रथम, विशाल द्वितीय व अमन तृतीय, 800 मीटर रेस में सुनील प्रथम, अंकित द्वितीय व सेवक तृतीय, 400 मीटर रेस में सुनील प्रथम, सन्नी द्वितीय व अंकित तृतीय, 200 मीटर रेस में सुनील प्रथम, अमन द्वितीय व विशाल तृतीय, 100 मीटर रेस में विशाल प्रथम, अमन द्वितीय व नीतीश तृतीय, लंबी कूद में सुनील प्रथम, विशाल द्वितीय व सुमित तृतीय, ऊंची कूद में विशाल प्रथम, सुमित द्वितीय व प्रदीप तृतीय तथा डिस्कस थ्रो में रमन प्रथम, तनिष्क द्वितीय व अंकित तृतीय स्थान पर रहा।

### महिला वर्ग के परिणाम

प्रतियोगिता में महिला वर्ग की 800 मीटर रेस में रेनू प्रथम, मुस्कान द्वितीय व मनीषा तृतीय, 400 मीटर रेस में रेनू प्रथम, मुस्कान द्वितीय व मनीषा तृतीय, 100 मीटर रेस में रेनू प्रथम, तमन्ना द्वितीय व मुस्कान तृतीय, लंबी कूद में तमन्ना प्रथम, ईशा द्वितीय व मनीषा तृतीय, ऊंची कूद में तमन्ना प्रथम, रेनू द्वितीय व ईशा तृतीय, जैवलिन थ्रो में ईशा प्रथम, स्वाति द्वितीय व मनीषा तृतीय और डिस्कस थ्रो में स्वाति प्रथम, सुमन द्वितीय तथा ईशा तृतीय स्थान पर रही।

## दौड़ में बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा अन्नू ने मारी बाजी

- राजकीय महाविद्यालय बरवाला की 16वीं दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद चैंपियन का हुआ शुभारंभ, महिला व पुरुष वर्ग की विभिन्न प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने दिखाई अपनी प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बरवाला

राजकीय महाविद्यालय बरवाला में 16 वीं दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद चैंपियनशिप का शुभारंभ किया गया। चैंपियनशिप के शुभारंभ पर पूर्व प्राचार्य रामसिंह ने ध्वजारोहण किया। इस समारोह की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य दलबीर गिल ने अतिथियों का स्वागत किया।


बरवाला। विजेताओं को सम्मानित करते मुख्य अतिथि पूर्व प्राचार्य राम सिंह व अन्य।

### सरिता व कुसुम द्वितीय

खेलकूद प्रभारी रामबिलास छाछिया ने बताया कि पहले दिन के खेल में महिला वर्ग में 400 मीटर दौड़ में बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा अन्नू ने प्रथम व बीए प्रथम वर्ष की छात्रा गोमती ने दूसरा तथा बीए तृतीय वर्ष की छात्रा सरिति ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। 800 मीटर दौड़ में बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा अन्नू ने प्रथम और बीए तृतीय वर्ष की छात्रा सरिति ने दूसरा तथा बीए प्रथम वर्ष की छात्रा कुसुम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

### सबसे ऊंची कूदी सरिता

ऊंची कूद में बीए तृतीय वर्ष की छात्रा सरिति ने प्रथम और बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा अन्नू ने दूसरा तथा बीएससी द्वितीय वर्ष की छात्रा तनु ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। शॉटपुट में बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा अन्नू ने प्रथम और बीए तृतीय वर्ष की छात्रा सरिति ने दूसरा तथा बीए प्रथम वर्ष की छात्रा गोमती तीसरे स्थान पर रही।

### 400 मीटर दौड़ में रवि रहा प्रथम

पुरुष वर्ग 400 मीटर दौड़ में बीए तृतीय वर्ष का छात्र रवि ने प्रथम और बीए द्वितीय वर्ष के छात्र संदीप ने दूसरा तथा बीए तृतीय वर्ष के छात्र गौतम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। शॉट पुट में पीजीडीसीए के छात्र सुमित ने प्रथम, बीए तृतीय वर्ष के छात्र रवि ने दूसरा तथा बीकॉम प्रथम वर्ष के छात्र नवीन ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। मंच संचालन सहायक प्राध्यापक अनूप ढांडा और आशीष ने संयुक्त रुप से किया।

---

## हवन कर जंभेश्वर भगवान की शिक्षाओं पर डाला प्रकाश



हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

जवाहर नगर स्थित गुरु जंभेश्वर मंदिर में अमावस्या के अवसर पर हवन यज्ञ कर सर्वजन कल्याण की मंगल कामना की गई।

धांसू से आत्माराम जांगू व हेतराम धारणिया ने संयुक्त रूप से गुरु जंभेश्वर भगवान की शिक्षाओं के बारे में आए हुए भक्तजनों को विस्तारपूर्वक बताया। उन्होंने कहा कि जंभेश्वर भगवान द्वारा बताए गए नियमों की पालना वर्तमान समय में बदलते सामाजिक परिवेश के मध्यनजर मनुष्य के लिए बहुत जरूरी हैं। इस अवसर पर विनोद, आत्मप्रकाश, सुमन व भावना आदि उपस्थित रही।

## गर्मी में पशु-पक्षियों के लिए बनेंगे कुंड

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

बदलते मौसम के मिजाज को ध्यान में रखते हुए पशुपालन एवं डेयरी विभाग अभी से ही तैयारियां करनी शुरू कर दें। इसके साथ ही पशु और पक्षियों के लिए काम करने वाली संस्थाएं भी विभाग के साथ तालमेल बनाते हुए इस दिशा में काम करें। अतिरिक्त उपायुक्त सी. जयाश्रद्घा ने पशु क्रूरता निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता के दौरान अधिकारियों से कही। अतिरिक्त उपायुक्त-कम-उपाध्यक्ष एसपीसीए सी. जयाश्रद्घा ने कहा कि आने वाले दिनों में तापमान में बदलाव होगा, जिसके चलते पशुओं के साथ-साथ पक्षियों को भी पानी की जरूरत रहती है, साथ ही हीट वेव से बचाने के लिए भी इंतजाम करने की जरूरत है। बैठक के दौरान निर्णय लिया गया कि इस दिशा में कदम उठाते हुए पशुओं के पानी की व्यवस्था आदि के लिए कुण्ड बनाए जाएंगे। इसके साथ पक्षियों की संभाल के लिए स्कोरे की व्यवस्था भी की जाएगी।

बैठक में पशुपालन एवं डेयरी विभाग के उपनिदेशक-कम सदस्य सचिव एसपीसीए सुभाष चंद्र जागड़ा ने अतिरिक्त उपायुक्त सी. जयाश्रद्घा तथा कमेटी सदस्यों के समक्ष कुल 7 बिंदुओं पर अपनी बात रखी। इनमें मुख्यतः वित्तिय वर्ष 2023-24 का लेखा-जोखा रखा।


हिसार। बैठक में अधिकारियों को दिशा-निर्देश देती एडीसी।

## प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में टीम-ए ने मारी बाजी



हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

फतेहचन्द महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय गणित दिवस के उपलक्ष्य में गणित विभाग के सौजन्य से प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्या डॉ.अनीता सहरावत ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि इस तरह की प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में आपकी भागीदारी आपका आत्मविश्वास बढ़ाती है। उन्होंने छात्राओं से कहा कि कामयाबी हासिल करने के लिए प्रत्येक विषय को समझकर पढ़ना जरूरी है। इस प्रतियोगिता में पांच टीमों ने भाग लिया जिसमें रेखा, आक्षी व रैनी ने प्रथम स्थान, सुमन, अनीता व सोनिया ने द्वितीय स्थान, स्वीटी, रीना व नीरज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

---

## युवाओं में सेवा भावना जागता है एनएसएस

- हकृवि द्वारा गांव गंगवा में सात दिवसीय एनएसएस शिविर संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. पवन कुमार ने कहा है कि एनएसएस का उद्देश्य युवाओं में समाजसेवा की भावना विकसित करके उन्हें राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने स्वयंसेवकों से कहा कि वे सामुदायिक सेवा की भावना विकसित करने, व्यक्तित्व विकास, सामाजिक सेवाओं के प्रति जागरूकता, सामाजिक समरसता, राष्ट्रीय एकता तथा स्वैच्छिक सेवा के लिए हर संभव प्रयास करें। कुलसचिव डॉ. पवन कुमार गुरुवार को हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय की ओर से गंगवा में आयोजित एनएसएस के शिविर के समापन पर स्वयंसेवकों को संबोधित कर रहे थे।



हिसार। स्वयंसेवकों को सम्मानित करते हुए मुख्यातिथि डॉ. पवन कुमार।

छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़ ने शिविर के स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि युवाओं को समाज सेवा एवं राष्ट्र के नव-निर्माण के लिए अपना योगदान देने के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। उन्होंने गांव के पार्क में पौधरोपण करवाकर स्वयंसेवकों को पर्यावरण के प्रति प्रेरित किया। समन्वयक डॉ. मोहम्मद इदरीश राजा खान ने बताया कि छात्रों का समग्र विकास सुनिश्चित करने के लिए पोस्टर मेकिंग, नृत्य और गायन, खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों पर प्रतियोगिताएं भी करवाई गई। स्वयंसेवकों को विशिष्ट श्रेणियां में पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया जिनमें शिविर का नेता-रमन, अनुशासन और समय की पाबंदी-अमित, खाद्य प्रबंधन-प्रमोद व नोबिन समग्र प्रबंधन- दीपक, समन्वय-कीर्ति, स्वयंसेवक जुड़ाव-अनिता मौजूद रही।

## ट्रैफिक नियमों के पालन से जीवन संभव

- साइबर क्राइम के शिकार हो रहे लोग, जागरूकता बेहद जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

दयानंद महाविद्यालय में स्थायी भविष्य के लिए युवा विषय पर सात दिवसीय एनएसएस कैंप के तीसरे दिन की शुरुआत प्रार्थना और योगा के साथ हुई। इसके बाद स्वयंसेवकों को सड़क सुरक्षा से संबंधित जानकारी से अवगत करवाने के लिए मुख्य वक्ता के तौर पर ट्रैफिक पुलिस से एएसआई विजेंद्र सिंह पहुंचे। एएसआई विजेन्द्र सिंह ने गुरुवार को अपने संबोधन में कहा कि ट्रैफिक हादसे हमारी गलती की वजह से होते हैं, इसलिए हमें यातायात संबंधी साधनों का प्रयोग करते समय यातायात के नियमों का पालन करना चाहिए। इसके अलावा साइबर साइबर जांच प्रभारी नरेश कुमार ने स्वयंसेवकों को साइबर क्राइम संबंधित घटनाओं और साइबर क्राइम से बचने के तरीकों से अवगत कराया।



शिविर में मेहंदी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। निर्णायक मंडल की भूमिका महाविद्यालय के शिक्षकगण डॉ. वलेरिया सेठी तथा प्रो. मंजू शर्मा ने निभाई। मेहंदी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रितिका, द्वितीय स्थान प्रीति, तृतीय स्थान पर वंशिका रही।

### अन्नु ने मारी बाजी

इसके अलावा कल हुई स्लोगन लेखन और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में निर्णायक के तौर पर डॉ. सुरुचि शर्मा और डॉ. आदित्य कुमार पहुंचे। स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर अन्नु, द्वितीय स्थान पर प्राची, तृतीय स्थान पर अंकिता और पोस्टर मेकिंग में प्रथम स्थान पर रितिका, द्वितीय स्थान पर गरिमा, तृतीय स्थान पर रिशिता रही। इस दौरान कार्यक्रम अधिकारी डॉ. इंद्रजीत सिंह, चेतन शर्मा, डॉ. छवि मंगला मौजूद रहें।

---

## जसविंदर कौर सर्वश्रेष्ठ महिला स्वयंसेवक बनीं




**हिसार।** छाजूराम मैमोरियल जाट कॉलेज के सात दिवसीय विशेष एनएसएस शिविर का गुरुवार को समापन हो गया। समापन समारोह में जाट शिक्षण संस्था के प्रधान दिलदार सिंह पूनिया ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ1 कपेन्द्र सिंह ने मुख्य अतिथि का विधिवत स्वागत किया। शिविर में एमएससी प्रथम वर्ष की छात्रा जसविंदर कौर सर्वश्रेष्ठ महिला स्वयंसेवक तथा बीए द्वितीय वर्ष के छात्र विवेक को सर्वश्रेष्ठ पुरुष स्वयंसेवक चुना गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने कार्यक्रम अधिकारी डॉ. कृष्ण लाल, डॉ. सुनील कुमार तथा डॉ. नेहा डांगी को शिविर के सफल आयोजन के लिए बधाई दी। एमएससी प्रथम वर्ष की छात्रा अंकिता ने सात दिवसीय शिविर की रिपोर्ट प्रस्तुत की तथा डॉ सुनील कुमार ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

**उपलब्धि** विद्यार्थियों ने साइबर सिक्योरिटी क्लब 'साइबर फियोनिक्स' स्थापित किया, मिली बधाईयां

## कम्प्यूटर साइंस विभाग: पहला साइबर सुरक्षा क्लब

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग के अंतर्गत विभाग के विद्यार्थियों द्वारा साइबर सिक्योरिटी क्लब 'साइबर फियोनिक्स' स्थापित किया गया है। यह विभाग का पहला साइबर सुरक्षा क्लब है। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई व कुलसचिव डॉ. विजय कुमार ने विभाग व विद्यार्थियों को इस पहल के लिए बधाई दी है।

कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग के अध्यक्ष प्रो. ओमप्रकाश सांगवान ने विश्वविद्यालय के चौधरी रणबीर सिंह सभागार में गुरुवार को इस क्लब का उद्घाटन किया। ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के निदेशक डा. प्रताप सिंह व क्लब की प्रभारी डा. अनुपमा सांगवान भी उपस्थित रहे।


हिसार। क्लब के उद्घाटन समारोह में उपस्थित अतिथिगण एवं विद्यार्थी।

प्रो. ओमप्रकाश सांगवान ने बताया कि विभाग के विद्यार्थी अनुज व आकाश क्लब के समन्वयक हैं। उन्होंने बताया कि भारत में वर्ष 2022 में लगभग चार लाख साइबर सिक्योरिटी घटनाएं हुई हैं तथा विश्वभर में लगभग 1.5 मिलियन साइबर अटैक प्रतिदिन हो रहे हैं।

इस आवश्यकता को पहचानते हुए, साइबर फीनिक्स का उद्देश्य विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा, नैतिक हैकिंग और डिजिटल फोरेंसिक के डोमेन का पता लगाने के लिए एक समर्पित मंच प्रदान करना है। यह क्लब विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान और उद्योग-संबंधित कौशल से लैस करके उन्हें सशक्त बनाएगा। जिससे वे साइबर सुरक्षा में आशाजनक करियर के लिए तैयार होंगे। इस मौके पर क्लब प्रभारी डॉ. अनुपमा सांगवान, विभाग के शिक्षक डॉ. अमित, डॉ. आयूष शर्मा, डॉ. रमेश व डॉ. अंकुर उपस्थित रहे।

### गुजवि में सेवानिवृत्ति पर सम्मान समारोह

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की मेडिकल साइंस की अधिष्ठाता प्रो. सुमित्रा सिंह ने कहा कि कर्मचारी कभी सेवानिवृत्त नहीं होते। वे एक पारी पूरी करने के बाद दूसरी पारी शुरू कर देते हैं। दूसरी पारी उनकी समाज के प्रति समर्पित करना होता है। प्रो. सुमित्रा सिंह गैर शिक्षक कर्मचारी कल्याण संघ के कार्यालय में फार्मेसी विभाग के टेक्निकल ग्रेड-सेकेंड पद से सेवानिवृत्त हुए जयबीर सिंह की सेवानिवृत्ति पर गुरुवार को आयोजित सम्मान समारोह को संबोधित कर रही थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के प्रधान विपिन वधवा ने की। समारोह में सहायक प्रोफेसर डा. कविता बहमनी, पूर्व प्रधान चरणदास अठवाल, देशराज वर्मा, इंद्राज भारती, पूर्व महासचिव पुनीत खुराना आदि भी विशेष रूप से उपस्थित रहें। जयबीर सिंह ने अपना सेवाकाल फार्मेसी विभाग में ही पूरा किया।

## खबर संक्षेप

### कंटेनर व कार की टक्कर, 3 घायल

**हिसार।** सिरसा-दिल्ली रोड पर अग्रोहा के पास हुए हादसे में तीन लोग घायल हो गए। हादसा जगत हाटल के पास कंटेनर द्वारा रिटज कार को टक्कर मार देने से हुआ कार ड्राइवर अनिल कुमार अपने दोस्त संदीप से कार उधार लेकर आया था। जानकारी के अनुसार कार में अनिल के साथ नीतू और पूनम (दोनों बहनें बेगू रोड सिरसा की रहने वाली) सवार थी। घटना उस समय हुई, जब चालक ने अचानक तेज गति से सड़क पर ट्रक मोड़ दिया। लोगों ने घायलों को कार से निकालकर पहले महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज अग्रोहा पहुंचाया। बाद में अनिल को शाह सतनाम स्पेशियलिटी अस्पताल सिरसा और नीतू-पूनम को अस्पताल पहुंचाया।

### बरवाला से 31 वर्षीय युवक लापता, केस दर्ज

**हिसार।** बरवाला शहर में 31 वर्षीय युवक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। वार्ड 18 का रहने वाला सोनू अचानक घर से चला गया। युवक की मां हेम कौर ने पुलिस को बताया कि घटना के दिन वह हिसार गई हुई थी, जबकि उसका पति भी काम पर गए थे। शाम को जब वह घर लौटीं तो सोनू घर पर नहीं था। परिवार ने आसपास और पड़ोस में पूछताछ की। सोनू का मोबाइल भी बंद मिला। पुलिस ने मामला दर्ज कर युवक की तलाश शुरू कर दी है।

### गोसेवा में सहयोग के चलते ललित जैन सम्मानित

**सिरसा।** श्री वासुदेव कृष्ण गोशाला डिंग-मोचीवाली में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा तथा गांव रंधावा में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा में ललित जैन को आमंत्रित कर सहयोग देने पर सम्मानित किया। गांव डिंग-मोचीवाली में कथावाचक स्वामी दिनेशानंद महाराज तथा गांव रंधावा में कथावाचक स्वामी कृपाचार्य महाराज ने उन्हें स्मृति चिह्न व श्रीफल देकर सम्मानित किया और गौसेवा में सदैव इसी प्रकार सहयोग के लिए आशीर्वाद दिया।

### मोबाइल टॉवर लगाने के नाम पर हो रही ठगी

**डबवाली।** एसपी सिद्धान्त जैन ने आमजन को नए-नए तरीके से किए जा रहे फ्रॉड से बचने के लिए कहा है। अगर आप अपने खेत, खाली पड़ी जमीन या छत पर मोबाइल टॉवर लगवाने की सोच रहे हैं तो सावधान हो जाएं। सोशल मीडिया पर एक चीज तेजी से वायरल हो रही है। खबर में दावा किया जा रहा है कि भारत सरकार के दूरसंचार विभाग एक नई स्कीम लेकर लाया है, जिसके इसके तहत अलग-अलग स्थानों पर मोबाइल टावर लगाने के लिए नो-ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट दे रहा है और एलटीई मोबाइल टावरों की स्थापना के लिए 12,500 कलेक्ट करने को कह रहा है। जांच में यह बस फर्जी पाया गया है।

### डबवाली सब्जी मंडी में चौधर को लेकर विवाद

**डबवाली।** सब्जी मंडी आढ़ती एसोसिएशन के चुनाव को लेकर विवाद हो गया है। कल राकेश कंबोज को प्रधान व अशोक लाटू को सचिव चुना था। जिसके खिलाफ आढ़ती आवाज उठा रहे हैं। पूर्व प्रधान अशोक गुप्ता कने कहा कि कार्यकारिणी भंग है तथा चुनाव की बात गलत है। हमने कोई प्रधान या पदाधिकारी नहीं चुना। कुछ आढ़तियों ने यह ड्रामा किया है। करीब 30 लाइसेंस हैं, इनमें से ज्यादातर सदस्य बैठक में नहीं थे।

### गुजवि में हुआ ग्यारहवां पुष्प उत्सव, तीन श्रेणियों की 50 उपश्रेणियों में आईं 424 प्रस्तुतियां

# पुष्प सुगंध व सौंदर्य के साथ सकारात्मक ऊर्जा का संचार भी करते हैंः प्रो. बिश्नोई


**हिसार।** गुजवि में पुष्प उत्सव में उपस्थित कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

गुजवि के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा है कि पुष्प केवल सुगंध व सौन्दर्य ही नहीं देते, बल्कि वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा का संचार भी करते हैं। पुष्प प्रकृति की सबसे सुंदर कृतियों में से एक है। ये न केवल वातावरण को सुगंधित करते हैं, बल्कि मन व मस्तिष्क को शांति व प्रसन्नता भी प्रदान करते हैं। पुष्प प्रदर्शनी पर्यावरण संरक्षण, जैव विविधता के महत्व और हरित परिवेश के प्रति जागरूकता का संदेश देती है।

प्रो. नरसी राम बिश्नोई विश्वविद्यालय के बागवानी विभाग के सौजन्य से आयोजित ग्यारहवें पुष्प उत्सव में बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की प्रथम महिला डा. वंदना बिश्नोई भी उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय के चौधरी रणबीर सिंह सभागार के सामने लॉन में हुए इस आयोजन की अध्यक्षता कुलसचिव डॉ. विजय कुमार ने की। पुष्प उत्सव का निर्देशन बागवानी विभाग के निदेशक प्रो. नीरज दिलबागी ने किया।

पंजाब नेशनल बैंक व यूबीआई के सहयोग से हुए पुष्प उत्सव के विजेताओं को कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने सम्मानित किया। सलाहकार लैंडस्केप पाला राम ने बताया कि पुष्प उत्सव में 50 प्रतिभागियों ने 424 प्रस्तुतियां दी। समापन समारोह में पंजाब नेशनल बैंक के सर्कल हैड नरेश कुमार गर्ग, गुजवि पीएनबी शाखा के प्रबंध दुर्गेश कुमार, यूबीआई के शाखा प्रबंधक अरूण कुमार व डा. अंजु गुप्ता इत्यादि उपस्थित रहे।

## ये रहे परिणाम

### श्रेणी ए-'पुष्प सज्जा'

सैंट्रल टेबल विद फ्रैश फलावर्स प्रतियोगिता व फॉर कार्नर विद फ्रैश फलावर्स में सार्थक खेरे ने पहला व फॉर कार्नर विद ड्राई फलावर्स में अचला बंसल ने पहला, शिव कॉलोनी हिसार के गोगी ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। मिक्स फलावर्स एरेंजमैंट फॉर ए कार्नर प्रतियोगिता में सेक्टर 15 की शांति देवी ने पहला व मॉडल टाउन की अंजू ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। बूके प्रतियोगिता में सेंट सोफिया स्कूल की मिचल ने पहला स्थान प्राप्त किया। केवल मालियों के लिए गारलैंड (हार) प्रतियोगिता में ओपीजेएमएस मॉडल टाउन हिसार ने पहला व सातरोड़ के मुन्ना कुमार ने दूसरा स्थान प्राप्त किया।

### श्रेणी बी-'कट फलावर'

रोजिज प्रतियोगिता में विद्या देवी जिंदल स्कूल के जरनेल ने पहला व इसी स्कूल के पवन कुमार ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। गलेडियोलस प्रतियोगिता में धिंकताना के जतिन खिंची पहले स्थान पर रहे। डाहलिया प्रतियोगिता में ओपीजेआईएमएस ने पहला व जिंदल होस्पिटल ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। लिलियम प्रतियोगिता में जेएसएल एचआरडी पहले तथा मॉडल टाउन के देशराज दूसरे स्थान पर रहे। कारनेशन प्रतियोगिता में जेआईएमएस पहले स्थान पर रहे। एंटीरिनम प्रतियोगिता में एनसीजेआईएमएस पहले व ओपीजेआईएमएस द्वितीय स्थान पर रहे। गेरबेरा प्रतियोगिता में ओपीजेएमएस ने पहला व ओपीजेएमएस एडमिन ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। मेरीगोल्ड प्रतियोगिता में विद्या देवी जिंदल स्कूल के उमेश चंद पहले व हिसार के प्रेम कुमार दूसरे स्थान पर रहे। स्टॉक प्रतियोगिता में एनसीजेआईएमएस पहले व ओपीजेआईएमएस दूसरे स्थान पर रहे।

सालविया प्रतियोगिता में ओपीजेआईएमएस पहले व जेएसएल एचआरडी दूसरे स्थान पर रहे। केलेंडुला प्रतियोगिता में ओपीजेएमएस एडमिन पहले तथा जेएसएल एचआरडी दूसरे स्थान पर रहे। अस्टर प्रतियोगिता में जेएसएल एचआरडी पहले व ओपीजेएमएस ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। कोई भी फलावर प्रतियोगिता में धिंगताना के जतिन खिंची पहले व ओपीजेएमएस एडमिन दूसरे स्थान पर रहे।

### श्रेणी सी-'पॉट प्लांटस'

डाहलिया प्रतियोगिता में जेएसएल एचआरडी ने पहला तथा जेएसएल सीआरडी ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। पेंसी प्रतियोगिता में विद्या देवी जिंदल स्कूल के जसवंत पहले व ओपीजेएमएस एडमिन दूसरे स्थान पर रहे। पेटुनिया प्रतियोगिता में जिंदल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसिज हिसार ने पहला व ओपीजेआईएमएस हिसार ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। वरबिना प्रतियोगिता में ओपीजेएमएस ने पहला स्थान प्राप्त किया। फलोक्स प्रतियोगिता में जेएसएल एचआरडी ने पहला स्थान प्राप्त किया। सिनेरिया प्रतियोगिता में जिंदल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसिज हिसार ने पहला व हिसार की दीक्षा ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। मेरीगोल्ड अफरीकन प्रतियोगिता में विद्या देवी जिंदल स्कूल के पवन कुमार व रायपुर की नेहा बुगालिया पहले व दूसरे स्थान पर रहे। मेरीगोल्ड फ्रैंच प्रतियोगिता में जेएसएल एचआरडी पहले व हिसार की दीक्षा दूसरे स्थान पर रहे। स्टॉक प्रतियोगिता में जेआईएमएस ने पहला व मॉडल टाउन के देशराज ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। एंटरीहनम प्रतियोगिता में विद्या देवी जिंदल स्कूल के रोशनलाल ने पहला व हिसार की दीक्षा ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। सालविया प्रतियोगिता में जेआईएमएस ने पहला व ओपी जिंदल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसिज हिसार ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। डिमोरपोटिका प्रतियोगिता में ओपीजेआईएमएस पहले स्थान पर रहे। कले प्रतियोगिता में जेआईएमएस ने पहला व ओपीजेआईएमएस ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। मेसेम्बरी वरथीमम (आइस प्लांट) प्रतियोगिता में ओपीजेआईएमएस ने पहला व जेएसएल एचआरडी ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। कलेंडुला प्रतियोगिता में विद्या देवी जिंदल स्कूल के जरनैल ने पहला व नेशनल सीएससी सेंटर ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। अस्टर प्रतियोगिता में जिंदल कार्डिक केयर ने पहला व ओपीजेआईएमएस ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। लिलियम प्रतियोगिता में आयूषी बंसल ने पहला स्थान प्राप्त किया। कोई भी अन्य फलावर प्रतियोगिता में जिंदल कार्डिक केयर ने पहला तथा एनसीजेआईएमएस ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। बोंसाई प्लांटस प्रतियोगिता में सुरेन्द्र पहले व जेआईएमएस दूसरे स्थान पर रहे। केक्टी/ सकूलैंट प्रतियोगिता में जिंदल कार्डिक केयर ने पहला व ओपीजेआईएमएस ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। मिनी गार्डन पोर्टेबल प्रतियोगिता में नेशनल सीएससी सेंटर ने पहला व ओपीजेएमएस ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। फोलिएज प्लांटस प्रतियोगिता में ओपीजेएमएस ने पहला तथा विद्या देवी जिंदल स्कूल के उमेश चंद ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। बुगेनविलिया प्रतियोगिता में नेशनल सीएससी सेंटर पहले तथा ओपीजेएमएस एडमिन दूसरे स्थान पर रहे। फर्न कॉलेक्शन प्रतियोगिता में विद्या देवी जिंदल स्कूल के पवन कुमार ने पहला व ओपीजेएमएस ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। पामस प्रतियोगिता तीन किस्मों प्रतियोगिता में शिव कॉलोनी के गोगी ने पहला व जिंदल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसिज हिसार ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। पुनः उपयोग पदार्थों से प्लांटेशन/इनोवेटिव आइडिया प्रतियोगिता में हिसार की सत्या गुप्ता प्रथम स्थान पर रही। दूसरा स्थान हिसार की दीक्षा ने प्राप्त किया। हेंगिंग प्लांट्स इन पॉटस/ऐनी कंटेनर नेचरल प्लांट्स प्रतियोगिता में नीरजा गुप्ता ने पहला व सेंट सोफिया स्कूल की मिचल ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। इम्युनिटी बूस्टर प्लांट/मेडिसिनल प्लांटस प्रतियोगिता में हर घर ओषधाय चेरीटेबल ट्रस्ट ने पहला व प्रेम कुमार ने दूसरा स्थान प्राप्त किया।

# अवैध निर्माण पर चला पीला पंजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ उकलाना


**उकलाना।** अवैध निर्माण गिराती जेसीबी। *फोटोः हरिभूमि*

उकलाना क्षेत्र के सुरेवाला चौक के पास अवैध निर्माण को डीटीपी की टीम ने पुलिस की मौजूदगी में गिरा दिया। हिसार-चंडीगढ़ नेशनल हाइवे पर स्थित इस अवैध निर्माण पर जिला नगर योजनाकार विभाग की डीटीपी गुंजन और जेई हरज्ञान सिंह के नेतृत्व में कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान पुलिस बल और जेसीबी मशीन का सहयोग लिया गया। अधिकारियों ने बताया कि नेशनल हाइवे के आसपास किसी भी तरह का अवैध निर्माण प्रतिबंधित है। हाइवे से लगती कुछ दूरी तक पक्का निर्माण कार्य भी नहीं किया जा सकता। सुरेवाला चौक के पास एक प्लॉट में अवैध रूप से बनाई चारदीवारी को तोड़ा गया। विभाग ने चेतावनी दी है कि हाइवे के आसपास अवैध निर्माण करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस बीच स्थानीय नागरिकों ने उकलाना में अवैध कॉलोनियों के मुद्दे को उठाया है। उनका आरोप है कि अवैध कॉलोनाइजर लगातार प्लॉट बेच रहे हैं। विभाग इस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रहा। नागरिकों ने मांग की है कि अवैध कॉलोनियों पर तुरंत रोक लगाई जाए। दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए। जिससे लोग ठगी का शिकार होने से बच सकें। अधिकारियों का कहना है कि अवैध कॉलोनी विकसित करने वालों के खिलाफ भी उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# कैफे के खिलाफ थम नहीं रहा प्रदर्शन

- बिजली निगम मैनेजमेंट ने कैफे बंद रहीं करवाया तो आंदोलन तेज करेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार


**हिसार।** विद्युत नगर में वेदा कैफे के खिलाफ प्रदर्शन करते विद्युत नगर निवासी।

विद्युत सदन में विद्युत नगर कॉलोनीवासियों ने वेदा कैफे के खिलाफ भी प्रदर्शन किया। प्रदर्शन की अध्यक्षता अजीत सिंह ने की जबकि संचालन बलजीत शर्मा ने किया। कॉलोनीवासियों की तरफ से रवि सिंह ने बताया कि हम सब कॉलोनीवासी वेदा कैफे में चल रही गतिविधियों के खिलाफ पिछले कई दिनों से प्रदर्शन कर रहे हैं लेकिन अभी तक मैनेजमेंट के कानों पर जूं तक नहीं रेंगी है।

मैनेजमेंट के इस रवैये को हम किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेंगे। सुभाष ने बताया कि वेदा में विद्युत नगर से बाहर से आने वाले व्यक्तियों के प्रवेश से कॉलोनीवासियों का जीना दूभर हो गया है। विनोद सैनी व प्रिंस ने बताया कि इस वेदा कैफे के मामले में मैनेजमैंट ने जल्द ही कोई कदम नहीं उठाया या इसे बंद नहीं करवाया गया तो आंदोलन को तेज किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान नरसीदास, सतीश, राजकुमार, रमेश शर्मा, दिनेश शर्मा, मनोज, हरीश, राजेश, गौरव, राजेन्द्र, सुरेन्द्र, राहुल, देवेन्द्र, पालेराम, सत्यनारायण, मुकेश, रमेश, परमल, नरेश, प्रदीप लांग्यान, प्रदीप शर्मा, प्रदीप, पंकज, रवि, महेन्द्र, सुमन, रीना, मीना, कविता, मोनिका, पूनम, सोनिया, सुमन, सुनीता, सुनैना, रीतु, अनिता, सुनील, अनिल शर्मा, राकेश, बिजेन्द्र, राजेश, संदीप, सतीश, कुलदीप, सुरेन्द्र, विकास, मोहित, जयबीर, राकेश आदि सैंकड़ों कालोनी के लोग मौजूद रहे।

# पिकअप चालक ने किया व्यापारी पर चाकू से हमला

- लूट के लिए धिंगताना मोड़ पर दिया वारदाता को अंजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

जिले के कस्बा बरवाला में एक पिकअप चालक ने बेर व्यापारी को चाकू मारकर उसके साथ लूटपाट की कोशिश की। घटना बरवाला के धिंगताना मोड़ की है, जहां पंजाब के पटियाला जिले के गुलाड़ के रहने वाले 58 वर्षीय दीवानचंद को पिकअप चालक दीपक ने चाकू मारकर घायल कर दिया। बताया जा रहा है कि दीवानचंद ने धिंगताना में लीला नंबरदार का बेर का बाग ठेके पर लिया था। दीवानचंद हिसार के सुनील की पिकअप में बेर लुधियाना मंडी ले गए। मंडी में बेर बेचने के बाद उन्होंने ड्राइवर दीपक को 6800 रुपये किराया और 200 रुपये इनाम दिए। वापसी में धिंगताना मोड़ पर दीपक ने दीवानचंद को गाड़ी से उतारा। उनके साथ मारपीट की और सिर पर चाकू से वार किया। दीवानचंद के मुताबिक उनकी जेब में रखे करीब 40 हजार रुपये या तो गिर गए या दीपक ले गया। घायल व्यापारी को पहले बरवाला के नागरिक अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे हिसार रेफर कर दिया गया। पुलिस ने चालक दीपक के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया है।

# यदुवंशी में आजाद को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

यदुवंशी शिक्षा निकेतन स्कूल में गुरुवार को भारत के महान क्रांतिकारी चंद्रशेखर आज़ाद की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुनील कुमार की अध्यक्षता में छात्रों और शिक्षकों ने इस वीर स्वतंत्रता सेनानी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने चंद्रशेखर आजाद के जीवनी पर प्रकाश डाला और उनके बलिदान को याद किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य सुनील कुमार ने कहा कि चंद्रशेखर आजाद से हम सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए। उनका साहस, दृढ़ संकल्प और देशभक्ति हर छात्र के लिए एक मिसाल है। विद्यालय में छात्रों ने देशभक्ति गीत गाए, पोस्टर बनाकर उनकी वीरता को दर्शाया और प्रतिज्ञा ली कि वे देश की सेवा और उत्थान के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे। वहीं यदुवंशी ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशंस के संस्थापक एवं चेयरमैन राव बहादुर सिंह ने छात्रों को देशभक्ति और वीरता के महत्व से परिचित कराया और उन्हें प्रेरित किया कि वे राष्ट्र के लिए अपना महत्वपूर्ण योगदान दें।


**हांसी।** शहीद चन्द्रशेखर आजाद के जीवन पर प्रकाश डालती छात्रा। *फोटोः हरिभूमि*

# मुआवजाः अधिकारियों का कैंप, नहीं आए किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंडी आदमपुर

किसान मुआवजा लेने के लिए धरना प्रदर्शन करते है तथा उनके धरना प्रदर्शन के बाद सरकार उनके लिए मुआवजा भेजती है लेकिन मंडी आदमपुर तहसील के अंतर्गत फसल खरीफ 2022 का मुआवजा देने के लिए तहसील कार्यालय आदमपुर की तरफ से कैंप लगाए गए लेकिन फिर भी किसानो की मुआवजा लेने के लिए दिलचस्पी नहीं दिखाई दे रही है। खरीफ 2022 का सरकार ने 16 करोड़ 83 लाख का मुआवजा भेजा था। गांव खासा महाजन, सादलपुर, चबरवाल, आदमपुर गांव, कोहली, कालीरावण, चूलीकलां एवं मंडी आदमपुर में मुआवजा देने को कैंप लगाए। ग्रामीणों को 8 करोड़ 71 लाख रुपये मुआवजा देना था लेकिन सिर्फ एक करोड़ 57 लाख 17 हजार ही वितरण हुआ।

किसान मुआवजे लेने में अधिक रूचि नहीं ले रहे हैं। इसके चलते अब तक 15 करोड़ 26 लाख मुआवजे का वितरण नहीं हो सका है। इस बारे में तहसीलदार रामनिवास भादू ने बताया कि किसान मुआवजा लेने के लिए तहसील कार्यालय के अलावा गांव के पटवारी व नंबरदारों को अपना खाता नंबर जमा करवा सकते हैं ताकि उन्हें मुआवजा मिल सके।

## देशभक्ति के गीत गाकर शहीदों को किया नमन



**हिसार।** शहीदी दिवस पर नजदीकी गांव किरतान के चंद्रशेखर पार्क में कार्यक्रम आयोजित किया। उनकी प्रतिमा पर फूलमाला अर्पित की गई। यह कार्यक्रम गुरुवार को नेहरू युवा केंद्र हिसार एवं आजाद हिंद युवा क्लब गांव किरतान के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। प्रधान कपूर सिंह आर्य ने बताया कि चंद्रशेखर आजाद में छोटी सी उम्र में देशभक्ति की अलख जगी और वे इसमें शामिल हो गए। उन्होंने अंग्रेजी हकुमूत का डटकर सामना कियाव पूरा जीवन देश को समर्पित किया। संस्कार वेली पब्लिक स्कूल के बच्चों ने देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति दी। प्रधान रविन्द्र कुमार, डॉ फेत सिंह, डॉ कुसुम, डॉ सिलोचंना, प्रोमिल आर्य, अनीता आर्य, अमन कुमारी, सुमन, रोहतास मौजूद रहे।

### शहीद चंद्रशेखर आजाद को पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

# भारत का प्रत्येक नागरिक शहीदों का ऋणी

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

शहीद भगत सिंह संगठन समिति द्वारा बृहस्पतिवार को शहीद भगत सिंह पार्क में चन्द्रशेखर आजाद की 119वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सदस्यों ने शहीद चन्द्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। रामस्वरूप खट्टर ने मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने शहीद को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि भारत का प्रत्येक नागरिक शहीदों का ऋणी है।

उन्हीं की बदौलत हम खुली हवा में सांस ले रहे हैं। इस मौके पर फतेह सिंह गुर्जर, सन्नी नायक, हमेश खुराना, राजकुमार जांगड़ा, राजकुमार कांगड़ा, विजय पाल शास्त्री, प्रधान तुलसी आर्य, रामस्वरूप खट्टर, रविन्द्र सैनी, अजय भारद्वाज, कर्मवीर पुट्टी, डॉ. मुन्ना अरोड़ा, हरीश गंगवानी, हरीश पपनेजा, दयानन्द नागपाल व महेश पाहवा इत्यादि सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे।


**हांसी।** शहीद चन्द्रशेखर आजाद को श्रद्धांजलि अर्पित करते समिति सदस्य। *फोटोः हरिभूमि*

## जन सेवा समिति शहीद चंद्रशेखर आजाद को दी श्रद्धांजलि



**हिसार।** भगवान परशुराम जन सेवा समिति द्वारा ब्रह्म संस्कृत पाठशाला में समिति के मुख्य संरक्षक एच.के. शर्मा की अध्यक्षता में शहीद चंद्रशेखर आजाद की याद में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रुप में पहुंचे भाजपा नेता वीएल शर्मा ने शहीद चंद्रशेखर आजाद के जीवन व उनकी शहादत पर प्रकाश डाला। शर्मा ने कहा कि हमें देश की रक्षा व राष्ट्र हित पहले सोचना चाहिए। शहीद चंद्रशेखर आजाद द्वारा दिखाये गये मार्ग पर चलना चाहिए। इस मौके पर समिति के संस्थापक योगेंद्र शर्मा, पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर अनिल सैनी, वेद प्रकाश शर्मा, बलवान शर्मा, राजेश भारद्वाज, जनक गौड़, सुशील शर्मा, ऋतुराज, दर्शन, सिद्धार्थ गौड, विकास गौड़, राजेंद्र कौशिक के अलावा समिति के सभी सदस्य व पदाधिकारी इत्यादि मौजूद रहे।